**"नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बिहटा में मेडिकल एजुकेशन यूनिट द्वारा आयोजित चौथी बीसीएमई वर्कशॉप का समापन"**

बिहटा के अमहारा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मेडिकल एजुकेशन यूनिट द्वारा चल रही चौथी बीसीएमई वर्कशॉप का समापन शुक्रवार को हुआ।मौके पर संस्थान के प्रबंध निदेशक कृष्ण मुरारी में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए कहा कि यह वर्कशॉप मेडिकल शिक्षा के तरीकों को और अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने में सहायक होगी।इस तरह के वर्कशॉप से छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की भी प्राप्ती होती है। वही

मेडिकल एजुकेशन यूनिट के कोऑर्डिनेटर सह माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित वर्कशॉप में संस्थान के विभिन्न विभागों से जुड़े 30 चिकित्सा शिक्षकों ने प्रतिदिन सक्रिय रूप से भाग लिया। वर्कशॉप में बीसीएमई रीजनल सेंटर, आईजीआईएमएस पटना से प्रोफेसर डॉ. नम्रता कुमारी को ऑब्जर्वर कोऑर्डिनेटर के रूप में भेजा गया था जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का पर्यवेक्षण किया।वही प्राचार्य डॉ. अशोक शरण ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की ट्रेनिंग कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहेगा। जिससे फैकल्टी के शिक्षण कौशल में लगातार सुधार होता रहे। वर्कशॉप को सफल बनाने में संस्थान के विभिन्न विभागों से जुड़े चिकित्सको में डॉ. श्वेता झा, डॉ. अनीमेष गुप्ता, डॉ. विनीता सहाय, डॉ. स्वर्णिमा सिंह, डॉ. आनंद शंकर, डॉ. इश्तियाक अहमद, डॉ. संजीव प्रसाद, डॉ. ममता सिंह आदि प्रमुख थे।